आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 25.08.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सहकारिता, स्वास्थ्य और शहरी विकास समेत 17 प्रस्तावों को मंजूरी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने और कालाबाजारी–जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
- देहरादून के सहसपुर में लंबे समय से बंद सामान्य सुविधा केंद्र की सिलाई यूनिट फिर होगी शुरू। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संचालन की जिम्मेदारी।
- खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर पौड़ी जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग का अभियान जारी।

**राज्य मंत्रिमंडल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सहकारिता, स्वास्थ्य, कार्मिक, ऊर्जा और शहरी विकास समेत 17 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। राज्य मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड राज्य सहकारिता नीति–2026 लागू करने को मंजूरी दी है। इसके तहत सहकारी संस्थाओं को पारदर्शी, तकनीक–सक्षम और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ महिला व युवा सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और पलायन से पुनर्वास पर जोर दिया जाएगा। उपनल कर्मियों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने का लाभ तीन चरणों में लागू किया जाएगा। परिवहन क्षेत्र में उत्तराखंड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम को मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्तराखंड मेडिकल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के गठन को मंजूरी दी गई है। इससे दवाओं, सर्जिकल सामग्री और उपकरण की समयबद्ध व पारदर्शी खरीद सुनिश्चित होगी। वहीं, सेवामुक्त अग्निवीरों से जुड़े मामलों के लिए छह पदों वाला समर्पित प्रकोष्ठ गठित करने का निर्णय भी लिया गया है। मंत्रिमंडल ने शहरी भूमि अभिलेखों के आधुनिक सर्वेक्षण के लिए उत्तराखंड आबादी सर्वेक्षण व अभिलेख संक्रिया नियमावली–2026 को मंजूरी दी है। साथ ही रिस्पना नदी किनारे की मलिन बस्ती के चयनित परिवारों को काठबंगला में बने 116 आवासों के आवंटन पर सहमति दी गई है। बैठक में शहीद सैनिकों के सम्मान में उनके पैतृक गांवों में प्रतिमाएं स्थापित करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदेश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने और आम जनता को उचित दरों पर इन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कालाबाजारी, जमाखोरी और मुनाफाखोरी के जरिए कीमतें बढ़ाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति समेत संबंधित विभागों को बाजार में वस्तुओं की उपलब्धता, कीमतों और स्टॉक की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। श्री धामी ने सभी जिलों में प्रशासन द्वारा बाजारों का नियमित रूप से निरीक्षण कर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आम जनता के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**कॉफी टेबल बुक**

पौड़ी जिले के कोटद्वार स्थित ऐतिहासिक कण्वाश्रम की गौरवगाथा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। कण्वाश्रम से भरत और भरत से भारतवर्ष की यात्रा को दर्शाने वाली कॉफी टेबल बुक 'कण्वाश्रम–भरत से भारतवर्ष' को आर्ट व कॉफी टेबल बुक श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर पहला पुरस्कार मिला है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण और पुस्तक के लेखक मनोज ईष्टवाल ने संयुक्त प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स और इंटरनेशनल पब्लिशर्स एसोसिएशन, जिनेवा से जुड़े 46वें पुरस्कार समारोह में करीब पांच हजार पुस्तकों में से इस पुस्तक का चयन किया गया।

लेखक मनोज ईष्टवाल ने बताया कि वे वर्ष 1989 से कण्वाश्रम पर शोध कर रहे हैं। लंबे शोध और प्रयासों के बाद तैयार यह पुस्तक कण्वाश्रम की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को देश–दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास है।

**सुविधा केंद्र**

देहरादून जिला प्रशासन की पहल पर सहसपुर में लंबे समय से बंद पड़े सामान्य सुविधा केंद्र की सिलाई यूनिट को फिर से शुरू किया जा रहा है। सहसपुर ब्लॉक के निकट जिला उद्योग केंद्र में वर्ष 2024 में स्थापित की गई इस सिलाई यूनिट के संचालन की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपी गई है। इससे ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे। करीब 25 से 30 आधुनिक सिलाई मशीनों वाले इस केंद्र में महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ ही जूट बैग, स्कूल ड्रेस जैसे उत्पाद तैयार करने का अवसर मिलेगा। प्रशासन निजी कंपनियों से ऑर्डर दिलाकर महिलाओं को बाजार से जोड़ने की भी तैयारी कर रहा है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने कहा कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें 'लखपति दीदी' बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## जांच अभियान

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर पौड़ी में जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग का अभियान जारी है। आज पौड़ी मुख्य बाजार और यमकेश्वर के लक्ष्मणझूला–गीताभवन क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बिना लेबल वाले बेकरी उत्पाद और एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री मिलने पर उन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। टीम ने मिठाई, नमकीन, दूध और दुग्ध उत्पाद समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों के 20 नमूने लिए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता, लेबलिंग और सुरक्षित भंडारण के मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बीस सूत्रीय कार्यक्रम

बीस सूत्रीय कार्यक्रम की जुलाई माह की रैंकिंग में चम्पावत जिले ने 91 दशमलव 6–7 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान बरकरार रखा है। वित्तीय वर्ष 2026–27 की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, जिले ने 39 निर्धारित मदों में से 35 में उत्कृष्ट श्रेणी हासिल की। कुल 120 में से 110 अंक प्राप्त कर चम्पावत ने शानदार प्रदर्शन किया। पिथौरागढ़ 88 दशमलव 0–3 प्रतिशत के साथ दूसरे और नैनीताल 85 दशमलव 3–7 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

## औचक निरीक्षण

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज जिला पर्यटन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में संचालित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र का भी निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कार्यालय परिसर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने तथा यात्रियों–पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धार्मिक व पर्यटन स्थलों को अधिक आकर्षक बनाने के साथ ही वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना और होम स्टे योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने पर जोर दिया।